भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : **1790**
गुरुवार, 1 अगस्त, 2024 / 10 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

पायलट लाइसेंस

1790. श्री बिप्लब कुमार देबः
श्री चन्द्र प्रकाश जोशीः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) गत पांच वर्षों के दौरान जारी किए गए पायलट लाइसेंसों की संख्या कितनी है;
(ख) राज्य-वार, विशेषकर राजस्थान और त्रिपुरा में पायलट लाइसेंसों का ब्यौरा क्या है; और
(ग) वर्तमान में राजस्थान में नागरिक विमानन प्रशिक्षण केन्द्रों की संख्या कितनी है?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क) और (ख) पिछले पाँच वर्षों के दौरान जारी किए गए वाणिज्यिक पायलट लाइसेंस (सीपीएल) की संख्या निम्नानुसार है -

वर्ष	**जारी किए गए सीपीएल;**
2019	744
2020	578
2021	862
2022	1165
2023	1622
2024 (17.07.2024 तक)	739
कुल	**5710**

पायलटों के लिए क्षेत्र-वार आंकड़े नहीं रखे जाते।

(ग) वर्तमान में, राजस्थान में छह नागर विमानन प्रशिक्षण केंद्र कार्यशील हैं। तत्संबंधी विवरण निमानुसार है-

उड़ान प्रशिक्षण संगठन (एफटीओ) - 02
(i) अव्याना एविएशन अकादमी, किशनगढ़ हवाईअड्डा
(ii) बनस्थली विद्यापीठ ग्लाइडिंग एवं फ्लाइंग क्लब, बनस्थली एयरोड्रोम, टोंक

रिमोट पायलट प्रशिक्षण संगठन (आरपीटीओ) - 03
(i) ड्रोन स्फीयर प्राइवेट लिमिटेड, जयपुर
(ii) विस्मो एगवेंचर प्राइवेट लिमिटेड
(iii) ड्रोन आचार्य एरियल इनोवेशन लिमिटेड, जयपुर

विमान अनुरक्षण इंजीनियरिंग प्रशिक्षण संस्थान - 01
(i) स्कूल ऑफ एयरोनॉटिक्स, नीमराना

*****